**Need to expedite construction of airport in Raigarh Parliamentary Constituency, Chhattisgarh-Laid**

श्री राधेश्याम राठिया **(रायगढ़) :** मैं माननीय नागर विमानन मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि रायगढ़ लोकसभा (छत्तीसगढ़) में एयरपोर्ट बनना था, जो एक महत्वपूर्ण परियोजना है । यह परियोजना 2011 में प्रस्तावित की गई थी, जिसमें 200 एकड़ भूमि का भू अर्जन करना था, लेकिन किसी कारणवश वह पूरा नहीं हो पाया । मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि माननीय नागर विमानन मंत्री जी के द्वारा किसी विशेष एजेंसी के माध्यम से इसकी जांच कराई जाए और इस परियोजना को पुनः शुरू किया जाए । रायगढ़, छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां कई उद्योगों का संकेन्द्रण है, लेकिन हवाई संसाधनों की कमी के कारण कई उद्योग यहां स्थापित नहीं हो पा रहे हैं । इस एयरपोर्ट के बनने से नौकरी को बढ़ावा मिलेगा और रायगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी । मैं माननीय नागर विमानन मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वे इस परियोजना को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं ।